वी.यू. में 33वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 04.06.2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 33वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि माननीय श्री मनोज श्रीवास्तव, अपर सचिव पशुपालन म.प्र. शासन, भोपाल (म.प्र.) रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी द्वारा की गई। जिसमें विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रगतिशील एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं विश्वविद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये व माननीय सदस्यों द्वारा अपने–अपने विचार प्रकट किये, तथा कुलपति, डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी के कुशल प्रशासन व वि. वि. के निरंतर विकास के प्रयासों की सराहना की और आगे पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य का भरोसा दिलाया। इसके अलावा बैठक के पूर्व सभी माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय संग्रहालय में विभिन्न इकाईयों जैसे– डेयरी फार्म, वर्मी कंपोस्ट इकाई, पंचगव्य इकाई, पोल्ट्री फार्म, मस्त्य पालन इकाई एवं विस्तार विभाग द्वारा लगाई गई विभिन्न इकाईयों की प्रर्दशनी आदि का अवलोकन किया एवं सराहना की।

इस बैठक में पूर्व सभी सम्मानीय सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन मण्डल के सदस्य माननीय श्री दीपक पाटीदार, डॉ. महेन्द्र सिंह, श्रीमान मनोज मण्डलोई, श्रीमान कन्हैया लाल सिसोदिया, डॉ. (श्रीमती) प्रियंका जैन, डॉ. शरद यादव, इंजी. श्री प्रभात दुबे एवं विश्वविद्यालय के समस्त संचालक/अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर